# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
2. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टीवी रेटिंग नीति दो हजार छब्बीस को अधिसूचित किया।
3. पशु औषधि विक्रय केंद्र' खोलने की योजना के तहत ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सस्ती, जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाएं उपलब्ध कराई जाएगी।
4. डिगलीपुर में जी पी डी ए की तैयारी और क्रियान्वयन व ई– जी एस पोर्टल पर अपलोडिंग विषय पर खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बत्तीसवी कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, ए आई आर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए आई आर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने देश में टेलीविज़न दर्शकों की रेटिंग में पारदर्शिता, जवाबदेही और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए टीवी रेटिंग नीति दो हजार छब्बीस को अधिसूचित किया। मंत्रालय ने कहा कि यह नीति टीवी रेटिंग सेवाएँ प्रदान करने वाली एजेंसियों के पंजीकरण, संचालन, ऑडिट और निगरानी के लिए स्पष्ट मानक निर्धारित करती है। यह नीति दर्शक संख्या में पारदर्शिता, स्वतंत्रता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाई गई है। अब टीवी रेटिंग एजेंसी के रूप में पंजीकरण कराने की इच्छुक कंपनी के लिए शुद्ध संपत्ति को वर्तमान बीस करोड़ रुपये से घटाकर पाँच करोड़ रुपये कर दिया गया है। निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए निदेशक मंडल में कम से कम 50 प्रतिशत सदस्य स्वतंत्र निदेशक होने

चाहिए जिनका प्रसारकों, विज्ञापनदाताओं, विज्ञापन एजेंसियों से कोई संबंध न हो। नियमों का पालन न करने पर दंड लगाया जाएगा। इसमें रेटिंग के अस्थायी निलंबन और बार–बार उल्लंघन करने पर पंजीकरण रद्द करना शामिल है।

<><><><><><>

विधि और न्याय मंत्रालय कल नई दिल्ली में समग्र न्याय तक पहुंच के लिए अभिनव समाधान डिजाइन –दिशा योजना की टेली–लॉ पहल के अंतर्गत राष्ट्रीय परामर्श दो हजार छब्बीस का आयोजन करेगा। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह परामर्श विभाग के उन निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जिनका उद्देश्य प्रौद्योगिकी–आधारित कानूनी सेवाओं के माध्यम से न्याय तक पहुंच को मजबूत करना और विचार–विमर्श, नीतिगत संवाद तथा हितधारकों की सहभागिता के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में जनगणना का पहला चरण, अप्रैल से शुरू होने जा रहा है, इक्कतीस जनवरी की गजट अधिसूचना के अनुसार स्व–गणना पहली अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक और मकान सूचीकरण कार्य सोलह अप्रैल से पन्द्रह मई तक किया जाएगा। इस अवधि के दौरान, 'जनगणना दो हजार सत्ताईस' के मकान सूचीकरण कार्य के लिए नियुक्त प्रगणक प्रत्येक घर का दौरा करेंगे और तैंतीस प्रश्नों पर आधारित जानकारी एकत्र करेंगे।

<><><><><><>

पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 'पशु औषधि विक्रय केंद्र' खोलने की योजना शुरू की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सस्ती, जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाएं उपलब्ध कराना है। पंजीकृत प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र और सहकारी समितियां, जिनके पास कम से कम 120 वर्ग फुट की जगह, एक पंजीकृत फार्मासिस्ट और राज्य औषधि नियंत्रण प्राधिकरण से दवा बिक्री का लाइसेंस हो, इसके लिए पात्र हैं। प्रत्येक राजस्व ब्लॉक में केवल एक केंद्र की ही अनुमति होगी। सरकार इस योजना में संचालकों को वित्तीय सहायता के तहत आकांक्षी जिलों, पहाड़ी क्षेत्रों, द्वीपसमूह और पूर्वोत्तर राज्यों में केंद्र खोलने पर एक दशमलव पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान करेगी। केन्द्र में केवल भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो द्वारा आपूर्ति की गई दवाएं ही बेची जा सकेंगी। बिलिंग के लिए आधिकारिक Point-of-Sale सिस्टम का उपयोग अनिवार्य है। इन केंद्रों पर एथ्नो–वेटेरनरी उत्पाद और

प्रमाणित पशु आहार भी बेचे जा सकते हैं। इसके लिए आवेदन शुल्क पांच हजार रुपये निर्धारित किए गए हैं, जबकि आकांक्षी क्षेत्रों के लिए निशुल्क है। आवेदन ऑनलाइन माध्यम से pashuaushadhi.dahd.gov.in पर किए जा सकते हैं। विस्तृत दिशा–निर्देश dahd.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

सामुदायिक विकास खंड, डिगलीपुर के खंड विकास कार्यालय की ओर से जी पी डी ए की तैयारी और क्रियान्वयन और ई– जी एस पोर्टल पर अपलोडिंग विषय पर खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं को डिजिटल माध्यम से सुदृढ़ करना तथा पंचायती राज संस्थानों की क्षमता को योजना निर्माण, क्रियान्वयन एवं रिपोर्टिंग के लिए बढ़ाना था। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी एम राजेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में सहभागी एवं आवश्यकता आधारित योजना निर्माण के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए सहायता करने के उद्देश्य से #दिल्ली से द्वीप 2.0 पहल के तहत पूरे द्वीप समूह में पंजीकरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविर अंडमान निकोबार कमान और एनसीसी की सहायता से आयोजित किए गए हैं। सभी पात्र युवाओं से पहली अप्रैल तक अपना पंजीकरण पूरा करने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) चेन्नई, से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

उद्योग निदेशालय, की ओर से द्वीपों के स्थानीय युवाओं के लिए कौशल विकास ट्रेडों में तीन महीने का निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण तेरह अप्रैल से बारह जुलाई तक विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय युवाओं, कारीगरों और जनजातीय समुदायों को व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। इसमें पुरूषों के लिए बढ़ईगीरी, कारपेंटरी, जनरल इंजीनियरिंग और महिलाओं के लिए टेलरिंग एवं गारमेंट मेकिंग के अलावा बेंत और बांस कार्य भी शामिल है। प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास और वैध स्थानीय प्रमाणपत्र धारक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र, चयन प्रक्रिया और अन्य जानकारी के लिए कार्यालय अवधि के दौरान उद्योग निदेशालय के प्रशिक्षण अनुभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पारदर्शिता, सुगमता और सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक पुलिस स्टेशन ने एक समर्पित हेल्पलाइन नंबर 9531822221 की शुरूआत की है। नागरिक इस नंबर पर सीधे बातचीत के लिए वॉयस कॉल कर सकते हैं या वॉट्सऐप के माध्यम से संदेश भेज सकते हैं। वॉट्सऐप के जरिए टेक्स्ट मैसेज, फोटो, दस्तावेज या भ्रष्टाचार से संबंधित अन्य प्रासंगिक सबूत भी भेजे जा सकते हैं। विभाग ने नागरिकों से कहा है कि वे अपनी शिकायतें लैंडलाइन नंबर या मेल के माध्यम से दर्ज करा सकते है।

<><><><><><><>

मीठाखाड़ी ग्राम पंचायत की ओर से अंबेडकर मेला के तहत टुसनाबाद जंक्शन स्थित फ्लडलाइट मैदान में कैट शो का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम चार अप्रैल को आयोजित होगा। इसके लिए इच्छुक प्रतिभागी कल तक पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><>

इग्नू में जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश और पुनः पंजीकरण के लिए उम्मीदवार ओडीएल और ऑनलाइन मोड पर सेमेस्टर–आधारित, योग्यता–आधारित और प्रमाण पत्र कार्यक्रमों को छोड़कर सभी अधिसूचित कार्यक्रमों के लिए तीस मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। प्रथम और द्वितीय वर्ष के स्नातक तथा स्नातकोत्तर, प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए दो सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ अगले वर्ष में पुनः पंजीकरण की तिथि भी तीस मार्च है। छात्र इग्नू की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>